# कार्यालय – जिला न्यायालय, ललितपुर
# कोटेशन सूचना

दिनांक– 23.01.2023.

## कोटेशन

माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश दिनांक 17.12.2022 के अनुपालन में जनपद न्यायालय के उपयोगार्थ All- in-One (Touch) PC क्रय किया जाना है। जिसके सम्बन्ध में सम्बधिंत प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, ललितपुर के उपयोगार्थ All- in-One (Touch) PC क्रय के सम्बन्ध में इच्छुक फर्म/संस्था, कुटेंशन दिनांक 30.01.2023 को सायं 04:00 बजे तक कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, ललितपुर में जरिये डॉक, स्वयं उपस्थित होकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कुटेशन दिनांक 31.01.2023 को अपराह्न 04:00 बजे खोले जाएंगे। समय अवधि के पश्चात प्राप्त कुटेशन पर कोई विचार नही किया जायेगा। कुटेशन के नियम व शर्तें माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एंव जनपद न्यायालय, ललितपुर की वेबसाइट तथा मुख्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। कुटेशन प्रस्तुत करने वाली फर्म कुटेशन की नियम व शर्तों के अनुसार ही अपना कुटेशन प्रस्तुत करें।

23/1/23.

(मोहम्मद बाबर खांन),
अपर जिला जज (एस.सी/एस.टी),
अध्यक्ष, क्रय समिति/
जनपद न्यायालय,
ललितपुर।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना पट्ट पर चस्पा करने व वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।**

1– केन्द्रीय नाजिर, जिलाधिकारी कार्यालय को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

2.. केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, ललितपुर को न्यायालय के समस्त सार्वजनिक स्थलों व मुख्य कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

3– कार्यालय नगर पालिका परिषद, ललितपुर को सूचनापट पर चस्पा किये जाने हेतु।

4.. सिस्टम आफिसर, जनपद न्यायालय, ललितपुर को माननीय उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायालय ललितपुर की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

23/1/23.

अध्यक्ष, क्रय समिति/
अपर जिला जज (एस.सी/एस.टी),
जनपद न्यायालय,
ललितपुर।

# कार्यालय – जिला न्यायालय, ललितपुर

## All- in-One (Touch) PC हेतु कुटेशन के लिए अनिवार्य नियम व शर्तें–

1. माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश के अनुपालन में जनपद न्यायालय, ललितपुर के उपयोगार्थ All- in-One PC क्रय किये जाने के सम्बन्ध दिनांक 30.01. 2023 (कार्यालय समय 10:30 बजे से शाम 04:00 बजे तक) पंजीकृत व अधिकृत फर्मो से सीलबन्द कुटेशन आमंत्रित किया जाता है, खुले कुटेशन स्वीकर नहीं होगें।

2. कुटेशन प्रस्तुत करने वाली पंजीकृत व अधिकृत फर्म जी०एस०टी० व राज्य को अदा किए जाने वाले अन्य करों हेतु पंजीकृत होनी चाहिए।

3. कुटेशन प्रस्तुत करने वाली पंजीकृत व अधिकृत फर्म को न्यूनतम 01 वर्ष की ऑन साइट वारंटी/सेवायें देना अनिवार्य है।

4. All- in-One PC का विवरण निम्नवत है–

   I) Company make – HP, ACER, Dell

   II) Operating System- Windows 10 Pro 64.

   III) Processor – 10th Generation Intel@Core i5 processor.

   IV) Internal storage- 500 GB up to2 TB SATA HDD

   V) Display- 23.8 diagonal FHD IPS widescreen WLED-backlit touch screen

5. सभी प्राप्त कुटेशन दिनांक 31.01.2023 को सायं 04.00 बजे अध्यक्ष, क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगीं। कुटेशन प्राप्त होने की नियत अन्तिम तिथि व समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी कुटेशन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। कुटेशन प्रस्तुत करने वाली फर्म यदि चाहे तो अपने अधिकृत प्रतिनिधि को कुटेशन खोले जाने के समय भेज सकती है।

6. कुटेशन प्रस्तुत करने वाली पंजीकृत व अधिकृत फर्म सभी करों को सम्मिलित करते हुए ही अपना कुटेशन दर प्रस्तुत करे, एक बार कुटेशन प्रस्तुत कर दिये जाने के बाद कोटेशन की दर और कर मे कोई वृद्धि अनुमन्य नही होगी और दी गई कुटेशन की दर ही अन्तिम होगी।

7. कुटेशन की नियम एवं शर्तो का किसी भी कार्य दिवस में कम्प्यूटर अनुभाग जनपद न्यायालय ललितपुर में समय 10.30 बजे से सायं 02:.30 बजे तक अवलोकन किया जा सकता है और उन्हे प्राप्त किया जा सकता है ।

8. कुटेशन स्वीकार होने पर सम्बन्धित फर्म/संस्था को उपकरण व अन्य व्यय स्वंय अपने खर्चे पर पहुँचानी होगी एवं आपूर्ति की गई सामग्री में यदि कोई खराबी पायी जाती है तो उसे उसके द्वारा अपने खर्च पर ही बदला जाना अनिवार्य होगा।

9. कुटेशन में उत्पादकर्ता का नाम, मॉडल एवं स्पेसिफिकेशन का उल्लेख अवश्य रुप से होना चाहिये। HP Company को प्राथमिकता दी जावेगी।

10. जनपद न्यायालय ललितपुर की अधिकारिक वेबसाइट से कुटेशन फार्म डाउनलोड कर माननीय जनपद न्यायाधीश के नाम समय से पूर्व **कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, ललितपुर में प्राप्त करवाने की जिम्मेदारी कुटेशन प्रस्तुत करने वाली फर्म की होगी**। इस सम्बन्ध में आपूर्तिकर्ता फर्म को लिखित अण्डरटेकिंग प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

11. किसी भी कुटेशन या समस्त कुटेशन को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश ललितपुर में निहित है और इस संदर्भ में उनका निर्णय अन्तिम होगा।

12. किसी भी विवाद के उत्पन्न होने की स्थिति में न्याय क्षेत्र जनपद न्यायालय ललितपुर को ही होगा।

23/1/23

अध्यक्ष, क्रय समिति/
अपर जिला जज (एस.सी/एस.टी),
जनपद न्यायालय,
ललितपुर।

# कार्यालय –जिला न्यायालय, ललितपुर।

## All- in-One (Touch) PC आवेदन पत्र कुटेशन फार्म

नवीनतम पासपोर्ट साइज

स्व – प्रमाणित फोटोग्राफ चस्पा करें।

आवेदक फर्म का नाम –

आवेदक फर्म का पत्र स्थायी पता–

आवेदक फर्म का पत्र व्यवहार का पूरा पता–

आवेदक फर्म के कार्यालय का पूरा पता –

आवेदक फर्म से सम्पर्क हेतु मोबाइल नम्बर –

आवेदक फर्म से सम्पर्क हेतु दूरभाष नम्बर–

जी0एस0टी0एन0 (पंजीकरण की छायाप्रति) दिनांक सहित–

आवेदक फर्म का सम्बन्धित कम्पनी से अधिकृत होने सम्बन्धित विवरण, अनुभव जैसे की कम्पनी की डीलरशिप आदि का विशिष्ट उल्लेख करें।
(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करें)

यह कुटेशन प्रस्तुत करने से पहले मैंने सभी नियमों व शर्तों को भली–भॉति पढ़ लिया है और यह कुटेशन विज्ञप्ति की नियमों व शर्तो के अधीन प्रस्तुत की जा रही है। कुटेशन में उल्लेखित स्पेसिफिकेशन में कम्प्यूटर सिस्टम सप्लाई किया जावेगा, जिसके लिए हमारी सहमति है और इस बात को ध्यान में रखते हुए कुटेशन प्रस्तुत की गयी है।

**कुटेशन प्रस्तुत करने**
**वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर**